# दो घंटे की झमाझम बारिश से मिली राहत और बढ़ी परेशानी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 अगस्त।** रविवार दोपहर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी, लेकिन साथ ही कई इलाकों में

**निचले इलाकों में जलभराव से जनजीवन प्रभावित**



जलभराव की समस्या ने परेशानी बढ़ा दी। दोपहर में अचानक तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश करीब दो घंटे तक लगातार जारी रही, जिससे सड़कें पानी में डूब गईं और नाले उफान पर आ गए।

**कई मोहल्लों में जलभराव, अस्पताल भी प्रभावित :** बारिश का असर सबसे ज्यादा डॉक्टर लाइन, बजरिया, गढ़िया मोहल्ला, पुरानी बस्ती, शास्त्री कॉलोनी और जिला अस्पताल परिसर में देखने को मिला। यहां बारिश रुकने के बाद मुख्य सड़कों से पानी निकल गया, लेकिन कॉलोनियों और तंग गलियों में घंटों तक पानी भरा रहा, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**स्थायी समाधान नहीं, लोग नाराज :** स्थानीय निवासी मयंक शर्मा ने कहा कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन नगर पालिका कोई ठोस कदम नहीं उठाती। नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण लोगों को हर बार परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों ने नगर पालिका से जल्द स्थायी समाधान की मांग की।

**किसानों के लिए खुशखबरी**
मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे खरीफ फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है और किसानों के चेहरे पर रौनक लौट सकती है।

# 5 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, 1 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 अगस्त।** शहर के वार्ड क्रमांक 26 भवानीपुरा के सरोज नगर क्षेत्र में रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। एक 22 वर्षीय युवक मोनू गोस्वामी ने पड़ोस में रहने वाली 5 वर्षीय मासूम बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर अपने घर बुलाया

**एसपी ने तत्काल आरोपी को पकड़ने के लिए बनाई थी आठ टीमें, 10 हजार का इनाम भी किया घोषित**

और उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना के बाद जब मासूम रोते हुए घर पहुंची और मां को पूरी बात बताई, तो परिजनों ने तुरंत सिटी कोतवाली में सूचना दी और बच्ची को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।




**एसपी ने बनाई आठ टीमें, खुद पहुंचे अस्पताल :** घटना की जानकारी मिलते ही टीआई बृजेंद्र सिंह सेंगर ने एसपी डॉ. असित यादव को सूचना दी। एसपी ने आरोपी की तलाश के लिए 8 विशेष टीमें गठित कीं और आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. असित यादव स्वयं जिला अस्पताल पहुंचे और बच्ची के उपचार की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले में शीघ्र और सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह भी अस्पताल पहुंचे और पीड़िता के परिवार से मुलाकात कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**पुलिस की तत्परता— एक घंटे में आरोपी गिरफ्तार :** पुलिस की टीमें तुरंत हरकत में आईं और सरोज नगर व आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। आरोपी मोनू गोस्वामी खिड़किया मोहल्ला की ओर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे सिर्फ एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। टीआई बृजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि आरोपी से सख्त पूछताछ की जा रही है। उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनन कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**कड़ी कार्रवाई होगी**
एसपी डॉ . असित यादव ने कहा कि इस जघन्य अपराध के आरोपी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कानून के तहत कठोरतम सजा दिलाई जाएगी।

## एक नजर में



**बैठक आयोजित**

**गोहद, 31 अगस्त।** आज भिंड विधायक श्री नरेंद्र सिंह कुशवाह से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष श्री धीरज शर्मा एवं उनके साथ संचालक बंधु श्री रामाधार शर्मा ,अनिल शर्मा ,गोविंद पांडे, संतोष श्रीवास ,साबिर खान ने बैठक की एवं मुख्य चर्चाओं पे बात की और उन्होंने कहा कि स्कूल संचालकों को किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चौबीस घंटे खड़ा रहूंगा।

# कलेक्टर ने बुढ़वा मंगल को लेकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 अगस्त।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने मंगलवार को अनुभाग लहार स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रावतपुरा धाम पहुंचकर बुढ़वा मंगल के अवसर पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हनुमान दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि बुढ़वा मंगलवार के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु रावतपुरा धाम पहुंचते हैं, इसलिए यातायात व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का भी भ्रमण किया तथा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को सतर्क रहकर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि बड़ा मंगल (बुढ़वा मंगल) के अवसर पर रावतपुरा धाम में हजारों श्रद्धालु हनुमानजी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस धार्मिक अवसर पर प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए जाते हैं ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

# 25वीं बार रक्तदान कर मासूम बच्ची को बचाया जीवन




**भिंड, 31 अगस्त।** जब एक मासूम बच्ची पिछले दो दिनों से अस्पताल में अपने जीवन की डोर थामे अपने पिता के लिए रक्त की प्रतीक्षा कर रही थी और कोई मददगार सामने नहीं आ रहा था, तब नवजीवन रक्तदान संगठन के सक्रिय सचिव अजीत जैन ने एक मिसाल पेश की। जैसे ही यह खबर अजीत जैन को मिली, उन्होंने बिना देर किए जिला चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान किया। खास बात यह रही, कि उस दिन उनका जन्मदिन था। उन्होंने केक और मोमबत्तियों के बजाय किसी की जिंदगी बचाने का अनमोल उपहार चुना। यह उनका 25वां रक्तदान था, जो एक जरूरतमंद बच्ची के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हुआ। अजीत जैन का यह कदम सिर्फ रक्तदान नहीं, बल्कि संवेदना, सेवा और सच्चे मानवीय मूल्यों का अद्भुत उदाहरण है। समाज में ऐसे कार्य प्रेरणा का स्रोत हैं।

# प्रधानमंत्री के आह्वान पर भिंड में निकाली गई साइकिल रैली

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर चल रहे 3 दिवसीय एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के तहत रविवार को अभियान के तीसरे और अंतिम दिन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली नवादा बाग भिंड से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गौरी सरोवर तक निकाली गई।




रैली को अटेर एसडीओपी रवि वास्कले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश दिलीप गुप्ता, राधे गोपाल यादव, रवि शेखर कटारे, सोनपाल यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी साइकिल चलाकर रैली में शामिल हुए। रैली का संचालन खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रभारी रामबाबू कुशवाह के नेतृत्व में बृजबाला यादव, संजय पंकज,बलराम सोनी, साधना तोमर, प्रमोद गुप्ता, बादशाह सिंह गुर्जर, विजय यादव ने किया। इस अवसर पर भूरे यादव, धर्मेंद्र सिंह, संजीव सिंह भदौरिया, निश्चल यादव, राजरस जामोर, शिव शंकर रावत भी उपस्थित रहे। रैली का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग तथा किशोरी स्पोर्ट्स एवं बोट क्लब भिंड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

# जीतू पटवारी के काफिले पर सुनियोजित हमला, भाजपा पर कांग्रेस प्रवक्ता ने साधा निशाना

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 अगस्त।** मध्यप्रदेश



कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के काफिले पर रतलाम में हुए हमले को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने बयान जारी करते हुए कहा कि जबसे जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं, भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ वे लगातार मुखर हो रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश का युवा एकजुट हो रहा है, जिससे भाजपा बौखला गई है। यही कारण है कि अब उनके काफिले पर जानलेवा हमला किया गया।

डॉ. भारद्वाज ने आरोप लगाया कि रतलाम में 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम में जाते समय भाजपा के गुंडों ने पटवारी के काफिले पर हमला किया। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि भाजपा का मंडल अध्यक्ष स्वयं हमले के समय मौके पर मौजूद था, जिससे यह साफ है कि यह हमला सुनियोजित और प्रायोजित था।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस के बढ़ते जनसमर्थन से घबरा चुकी है और बौखलाहट में ऐसे कायराना हथकंडे अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहन सरकार लगातार जीतू पटवारी जी की सुरक्षा से समझौता कर रही है और जानबूझकर पीसीसी चीफ को खतरे में डाल रही है। यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सीधा आघात है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि पार्टी का हर कार्यकर्ता जीतू पटवारी के साथ खड़ा है और भाजपा की इस 'घृणित राजनीति' का पुरजोर विरोध करेगी।

# संदीपनी उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय में साइकिल रैली का आयोजन






**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 31 अगस्त।** मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव के मार्गदर्शन तथा नवनीत शर्मा मेहंगाव एस डी एम के नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तृतीय दिवस साइकिल रैली का आयोजन शासकीय सांदीपनि उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय मेहगांव में किया गया प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने के लिए साइकिल रैली निकालकर बच्चे और युवाओं को बताया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के पी.ए.मनोज जी जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा शा.सा.उ.उ.मा.वि. प्राचार्य विजय सिंह कुशवाहा प्रभारी प्राचार्य शा.कन्या के एम.के. चंदेल एम.पी. चंदेल एवं ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी रघुवीर सिंह तोमर रहे।साइकिल रैली सांदीपनि विद्यालय मेहगांव से हनुमान रोड शासकीय अस्पताल गांधी चौराहा होते हुए पुलिस थाना पर समाप्त हुई खेल और युवा कल्याण विभाग की समन्वय श्रीमती नीतू सोनी ने बालक बालिकाओं को खेल से जोड़ने एवं फिट रहने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य अवध बिहारी शर्मा, राजाराम राठौर,धीरेंद्र राजोरिया, हृदेश व्यास, प्रदीप कुमार शर्मा, सुशील कुमार चौधरी, कृष्ण पाल नरवरिया, राकेश कुमार, उपेंद्र सिंह भदोरिया शिक्षक भान सिंह भदोरिया उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया योजना के उद्देश्य को लेकर रैली आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 31 अगस्त।** आज शासकीय एकीकृत हायर सेकेंडरी विद्यालय खनेता मैं फिट इंडिया योजना के उद्देश्य को लेकर साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया।



इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री अरविंद सिंह भदौरिया द्वारा बच्चों को प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया गया उनके द्वारा कहा गया के व्यायाम के द्वारा हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है हमें प्रतिदिन अपने शरीर के लिए व्यायाम अवश्य करना चाहिए प्राचार्य द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया इस अवसर पर श्री रामदास पंचायत निरीक्षक श्री जगदीश पवैया पीसीओ महेश सिंह तोमर पंचायत सचिव आज्ञाराम ओझा श्रीमती मायादेवी एवं अरविन्द शर्मा खेल प्रशिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

# शिव महापुराण कथा में नरकासुर व्रत की महिमा का हुआ वर्णन

**पारीक्षत श्रीमती स्नेहलता सतीश चंद्र मिश्रा व पुत्र चन्द्रप्रकाश मिश्रा रहे उपस्थित, गोहद के भीमाशंकर को ज्योतिर्लिंग की उपाधि दी**



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 31 अगस्त।** प्राचीन दुर्ग परिसर स्थित भीमाशंकर महादेव मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा का अष्टम दिवस गहन भक्ति और श्रद्धा से सम्पन्न हुआ। आज के पारीक्षत श्रीमती स्नेहलता सतीश चंद्र मिश्रा, उनके पुत्र चन्द्रप्रकाश मिश्रा परिवार सहित उपस्थित रहे। पारीक्षत परिवार ने सर्वप्रथम शिव अभिषेक कर पीठो एवं व्यास पीठ की पूजा-अर्चना व आरती की।

कथावाचक महामंडलेश्वर श्री 1008 रामभूषण दास जी महाराज ने आज के प्रसंग में नरकासुर व्रत की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में असुरराज नरकासुर अपने पापों से इतना अधिक कलुषित हो गया कि देवता और मानव सभी दुखी हो उठे। ऐसे समय में भगवान शिव ने अपने भक्तों को व्रत और साधना का मार्ग बताया, जिससे नरकासुर जैसे पापी को भी उद्धार का अवसर मिला।

महाराजश्री ने कथा का उद्धरण करते हुए कहा जो भी भक्त कार्तिक मास की चतुर्दशी को श्रद्धा से शिव का व्रत करता है, वह नरकासुर के पापों से भी छूट जाता है। यही नरक चतुर्दशी के व्रत की महिमा है। कथा स्थल पर पहुंचे महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामदास महाराज ने अपने उद्बोधन में गोहद के भीमाशंकर महादेव मंदिर को ज्योतिर्लिंग की उपाधि प्रदान की।

उन्होंने कहा कि गोहद की यह पावन धरा वास्तव में शिवमय है, यहाँ का भीमाशंकर महादेव किसी भी ज्योतिर्लिंग से कम नहीं। आने वाले समय में यह स्थान सम्पूर्ण भारत में श्रद्धा का केंद्र बनेगा।

उन्होंने आगे भीमाशंकर सेवा समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि समिति निरंतर भक्ति, सेवा और आयोजन के कार्यों से समाज में धार्मिक चेतना फैला रही है। यह समिति गोहद की आध्यात्मिक पहचान है और इसका योगदान अविस्मरणीय है।

## पृथम पृष्ठ का शेष . . .



**राहुल गांधी नादान-संस्कारहीन, पीएम . . .**

शुभारंभ किया। वहीं शनिदेव को जल, दूध से स्नान कराकर तेल से अभिषेक किया और पूजा-अर्चना भी की।

**40-40 करोड़ के सांदीपनी स्कूलों का शुभारंभ, अटल प्रतिमा का अनावरण :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर पिपरसेवा से हेलीकॉप्टर द्वारा पोरसा पहुंचे, जहां उन्होंने औरेठी गांव में स्थित आसमानी माता मंदिर पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। यहां से रजौधा में 40 करोड़ की लागत के सांदीपनी स्कूल का लोकार्पण किया। इसके बाद अंबाह में 40 करोड़ से बने सांदीपनी स्कूल का लोकार्पण करने के बाद अंबाह नपा द्वारा स्थापित पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।

# स्कूल व पुस्तकालय से ही सम्भव है ज्ञान का उजाला

**बुद्धप्रकाश बौद्ध**
**दबोह।** आज सूचना का प्रवाह इतना तीव्र है कि किताबों की दुनिया धीरे-धीरे हाशिये पर जाती दिख रही है। मोबाइल स्क्रीन, सोशल मीडिया और सतही मनोरंजन ने युवाओं और बुजुर्गों दोनों को ही पुस्तक-पठन से दूर कर दिया है। यह केवल एक आदत का अभाव नहीं, बल्कि एक गहरी सांस्कृतिक त्रासदी है, जो समाज की जड़ों को खोखला कर रही है। पढ़ने की संस्कृति का सबसे बड़ा आधार मातृभाषा है। हिंदी जैसी आत्मीय भाषा हमें अपनी जड़ों और साहित्यिक परंपरा से जोड़ती है। प्रेमचंद, निराला और महादेवी वर्मा, ओमप्रकाश वाल्मीकि, जय प्रकाश कर्दम, मोहनदास नैमिशराय, सूरजपाल चौहान एवं राहुल सांकृत्यान जैसे साहित्यकारों की रचनाएँ हमें न केवल संवेदनशील बनाती हैं बल्कि विवेक और तर्कशीलता भी देती हैं।

## आम सूचना

श्रीमती मंजू देवी यादव पत्नी श्री लाल सिंह यादव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम उमरी, प.ह.नं.76/1, सर्कल उमरी, तहसील व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.1584 एवं 1585 ग्राम उमरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 0.04 हैक्टेयर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में भूमि दीगर, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में भूमि विक्रेता एवं दक्षिण में भवन श्री रामप्रकाश है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री डिल्लीराम यादव पुत्र श्री हरनारायण यादव एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री डिल्लीराम यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मंजू देवी यादव पत्नी श्री लाल सिंह यादव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी042902021 ए1403867 दिनांक 04.06.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती मंजू देवी यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**